मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 295, मुंबई, मंगलवार, 11 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

# जामिया में फिर बवाल

## सीएए का विरोध कर रहे छात्रों पर बरसीं लाठियां



## छात्रों का आरोप, पुलिस ने किया हमला

दिल्ली पुलिस छात्रों के मार्च को संसद की ओर जाने से रोक रही थी। कुछ छात्रों का आरोप है कि उन पर पुलिस ने हमला किया। जामिया की एक छात्रा का इस मामले पर कहना है कि उस पर महिला पुलिसकर्मी ने हमला किया और बुर्का उतार फेंका।

**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्रों ने नागरिकता कानून के खिलाफ मार्च निकाला है। इस बीच पुलिस के साथ उनकी झड़प की खबरें हैं। इस झड़प में कुछ छात्र घायल हुए हैं। दिल्ली पुलिस छात्रों के मार्च को संसद की ओर जाने से रोक रही थी। कुछ छात्रों का आरोप है कि उन पर पुलिस ने हमला किया। जामिया की एक छात्रा का इस मामले पर कहना है कि उस पर महिला पुलिसकर्मी ने हमला किया और बुर्का उतार फेंका।

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**

वर्धा में एकतरफा प्यार में जिंदा जलाई गई...

# लेक्चरर की 8 दिन बाद मौत

## सिरफिरे ने पेट्रोल डालकर आग लगाई थी



**संवाददाता**

**नागपुर।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में 8 दिन पहले एकतरफा प्यार में जिंदा जलाई गई लेक्चरर ने सोमवार को नागपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। हिंगणघाट में 3 फरवरी को एक सिरफिरे ने शादी करने से इंकार पर लड़की को पेट्रोल डालकर सरेआम जिंदा जला दिया था। इस घटना में 25 वर्षीय अंकिता पिसुदे गंभीर रूप से झुलस गई थी। ऑरेंज सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अनूप मरार ने बताया कि सुबह 6.55 बजे लड़की की मौत हो गई। मौत का संभावित कारण सेप्टिकमिक अटैक था।

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**


## मौत से गुस्साए लोगों ने किया चक्का जाम

### व्यापारियों ने बंद की दुकानें, आरोपी को फांसी की मांग



### सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा, 'बर्बरता बयां करने को शब्द नहीं, दोषियों को देंगे कड़ी सजा'



# 1993 ब्लास्ट: आरोपी मुनाफ हलारी मूसा मुंबई एयरपोर्ट से पकड़ा गया

## 1500 करोड़ के ड्रग्स रैकेट में भी था नाम

मुंबई। 1993 मुंबई सीरियल बम धमाकों के आरोपी मुनाफ हलारी मूसा को सोमवार को गुजरात एटीएस ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। एटीएस को खबर मिली कि मूसा पाकिस्तानी पासपोर्ट पर यात्रा कर रहा है। इस मामले में गुजरात एटीएस के डिप्टी सुपरीटेंडेंट केके पाटिल ने बताया,हमने रविवार को मुंबई सीरियल ब्लास्ट के आरोपी मूसा को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। वह दुबई जाने की फिराक में थे। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### मुंबई की मुलगी ने किया अमेरिका फतह!



**मुंबई।** मुंबई की एक मुलगी ने कमाल कर दिया। इस मुंबइया लड़की ने सात समंदर पार अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी पर फतह हासिल की और वहां हिंदुस्थानी तिरंगा लहरा दिया। मुंबई में ७वीं कक्षा की यह छात्रा अमेरिकी माउंट ऐकंकॉन्गुआ पर पहुंचनेवाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की बन गई है।

मुंबई के नेवी चिल्ड्रन स्कूल में पढ़नेवाली इस छात्रा का नाम काम्या कार्तिकियन है। काम्या ने साउथ अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट ऐकंकॉन्गुआ को फतह कर यह वर्ल्ड रेकॉर्ड कायम किया है। अमेरिका स्थित यह चोटी एशिया के बाहर सबसे ऊंची चोटी है। ६,९६२ मीटर की ऊंचाईवाली माउंट ऐकंकॉन्गुआ चोटी ११ साल की काम्या ने १ फरवरी, २०२० को फतह की और वहां तिरंगा लहराया। चढ़ाई के लिए कठिन परिस्थितियों के बीच भी काम्या ने हिम्मत नहीं हारी और यह करिश्मा कर दिखाया। इसके लिए काम्या ने कई साल तक शारीरिक और मानसिक तैयारी की। वह लगातार एडवेंचर स्पोर्ट्स में हिस्सा लेती रही। एक शक्तिशाली व्यक्तित्व की मदद से इतनी कम उम्र में काम्या ने यह सफलता अपने नाम की। काम्या ने कई प्रशासनिक रुकावटों को भी पार किया। काम्या ने यह कारनामा कर अपने नाम वर्ल्ड रेकॉर्ड दर्ज कराया है।

### संकट में सांस !, खुले में कचरा जलाने से विषैली हो रही है मुंबई की हवा

**मुंबई।** मुंबई और मुंबई के आस-पास के उपनगरीय क्षेत्रों में रोजाना यात्रा करते हुए हमें कई ऐसे स्थान दिखाई देते हैं, जहां पर लोगों द्वारा खुलेआम कचरा जलाया जाता है लेकिन यही कचरा मुंबई की वायु को प्रदूषित करने के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्र में माहिम, माटुंगा और अन्य कई स्थानों पर रेलवे स्टेशन के पास जलता हुआ कचरा रोजाना देखा जा सकता है। इस कचरे के कारण स्टेशन से गुजर रहे यात्रियों और आस-पास की इमारतों में रहनेवाले लोगों को काफी दिक्कत होती है। खुले में कचरा जलाने से मुंबई की हवा विषैली होती जा रही है, जिसके कारण लोगों के सामने सांस लेने में संकट पैदा हो रहा है।

अंधेरी-पश्चिम में स्टेशन से लगभग ५०० मीटर दूर श्री गणेश साई इमारत के सामने रोजाना कचरे का ढेर जलाया जाता है, इससे उस स्थान पर कचरा तो खत्म हो जाता है लेकिन लोगों की शिकायत है कि इस कचरे से दिनभर आस-पास के क्षेत्र की वायु प्रदूषित रहती है और लोगों को सांस संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। मुंबई में लगातार समुद्र और उसके आस-पास के बीचों से प्रदूषण को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इसी के साथ मुंबई को वायु प्रदूषण भी नियंत्रित करने की अत्यंत आवश्यकता है। धारावी, कुर्ला और माहिम में कचरा जलाने और कूड़े के इकट्ठा रहने से बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषण होता हुआ दर्ज किया गया है। साल २००७ से २०१८ के बीच मुंबई की वायु की सांद्रता में पीएम १० की ८० प्रतिशत तक वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण कचरे को यूंही खुले स्थानों पर जला दिया जाना है। नेशनल एनवायरमेंट इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक अध्ययन में सामने आया है कि मुंबई की वायु की सांद्रता पीएम १० होने के पीछे ३० प्रतिशत योगदान खुले में कूड़े-कचरे को जला दिया जाना है, जिसके कारण इसका नकारात्मक प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ता है।

# हिंदुत्व के अजेंडे के साथ एमएनएस का शक्ति प्रदर्शन

**मुंबई।** नए भगवा झंडे और हिंदुत्व के अजेंडे के साथ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने रविवार को मुंबई में जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। बांग्लादेशी और पाकिस्तानी घुसपैठियों को देश से बाहर खदेड़ने की मांग की आड़ में मोदी सरकार के सीएए और एनआरसी कानून के समर्थन देने के लिए निकाले गए मोर्चे में एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे सपरिवार शामिल हुए। उन्होंने मरीन ड्राइव स्थित हिंदू जिमखाना से लेकर आजाद मैदान तक निकाले गए मोर्चे का नेतृत्व किया। शिवसेना द्वारा बीजेपी से रिश्ता तोड़ने के बाद बीजेपी से नजदीकी बढ़ाने और हिंदुत्व के अजेंडे को हथियाने के लिए राज ठाकरे ने पिछले दिनों अपनी पार्टी के सम्मेलन में इस मोर्चे का ऐलान किया था। उसी समय से ही इस मोर्चे की तैयारियां चल रही थीं।

मोर्चा दोपहर 12 बजे से शुरू होना था, लेकिन यह लगभग तीन घंटे की देरी से करीब 3 बजे शुरू



हो पाया। हालांकि मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, बदलापुर, अंबरनाथ, पालघर, वसई-विरार और आसपास के अन्य शहरों के अलावा औरंगाबाद, बीड, नाशिक समेत राज्य के दूर दराज के लोगों को मोर्चे के लिए बसों में भरकर लाया गया था, जिससे ट्रैफिक जाम की भी समस्या पैदा हो गई थी। सुबह 11 बजे से ही एमएनएस कार्यकताओं का मरीन ड्राइव पहुंचना शुरू हो गया था।

नए झंडे और अजेंडे को स्वीकार कर अचानक से बीजेपी के समर्थन में आने के बाद एमएनएस का यह पहला जनआंदोलन था। जिसे पार्टी ने हिंदुत्व का एक जानदार इवेंट बनाने की जोरदार तैयारी की थी। पार्टी का नया भंगवा झंडा जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज की राज मुहर शिवमुद्रा की प्रतिलिपि अंकित है, बड़ी संख्या में कार्यकताओं को थमाए गए थे। गिरगांव चौपाटी से लेकर आजाद मैदान तक पूरे मार्ग पर भगवा झंडे लहराते नजर आए। कार्यकताओं को विशेष रूप से छपाई गई टीशर्ट पहनाई गई थीं, जिन पर राज ठाकरे को हिंदू जननायक बताया गया था। भगवा टीशर्ट, भगवा कुर्ते, भगवा टोपियों, भगवा झंड़ों से पूरे माहौल को हिंदुत्व का इवेंट बनाने की कोशिश की गई थी। इन सबके अलावा नेताओं और कार्यकताओं की बाहों पर शिवमुद्रा वाला पट्टा भी बंधा था।

# आग की घटनाओं से निपटने को बीएमसी करेगी हाईटेक इंतजाम

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की ऊंची-ऊंची इमारतों में लगातार बाढ़ रही आग की घटनाओं से पिछले 7 सालों में 386 लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि इस दौरान मुंबई में 13,226 दुर्घटनाओं में 1,498 लोग झुलस या घायल हो चुके हैं। शहर में आग की बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए बीएमसी ने फायर ब्रिगेड को आधुनिक तकनीकों से लैस करने का फैसला किया है।

बीएमसी का मानना है कि फायर ब्रिगेड जितना अधिक आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करेगा, उतना ही कम जान-माल का नुकसान होगा। बीएमसी ने आग की घटनाओं को रोकने के लिए सभी 24 विभागों में स्वतंत्र अग्निसुरक्षा पालन कक्ष की स्थापना करने का निर्णय लिया है। मुंबई में 2018 में आग की घटनाओं में 52 लोगों को गंवानी पड़ी थी, जबकि 2019 में यह संख्या घट कर 28 रह गई थी।

शहर और उपनगरों में लगातार हाईराइज इमारतों का निर्माण हो रहा है, जिससे वहां आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

साथ ही बरसात के दिनों में बाढ़ जैसी स्थिति, लिफ्ट दुर्घटना, नालों में गिर कर होने वाली दुर्घटना से होने वाली मौतों, वृक्ष गिरने जैसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। इससे डेढ़ करोड़ की आबादी वाली मुंबई में फायर ब्रिगेड की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई है।

## गेट पंप लगाकर मुंबई को बाढ़ से बचाएगी बीएमसी

**मुंबई।** हर साल बरसात में बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करने वाली मुंबई को इससे बचाने के लिए बीएमसी ने नई तरकीब खोजी है। इसके तहत महानगर में पानी जमा होने वाले इलाकों और नदी, नाले, खाड़ी, समुद्र के निचले हिस्सों पर गेट पंप लगाया जाएगा। नालों में गेट पंप लगाने के लिए प्लानिंग शुरू कर दी गई है। इससे बाढ़ के समय समुद्र के पानी को महानगर में आने से रोका जा सकेगा।

# शिवसेना को घेरने के लिए उपचुनाव के जरिए दमदार चेहरे बीएमसी भेजेगी बीजेपी!

**मुंबई।** शिवसेना के हाथों राज्य की सत्ता गंवाने वाली बीजेपी बीएमसी में शिवसेना को घेरने के लिए एक मजबूत नेता की तलाश कर रही है। बीएमसी में बीजेपी के गुट नेता मनोज कोटक के सांसद बनने और पराग शाह के विधायक बनने के बाद बीजेपी जैसे नेतृत्व विहीन हो गई है। कोटक की गैरमौजूदगी में प्रभाकर शिंदे विपक्ष की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देने को लेकर अभी भ्रम की स्थिति है।

बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी सांसद मनोज कोटक को नगरसेवक पद से इस्तीफा देने को कह सकती है। क्योंकि वह संसद सत्र और संसदीय क्षेत्र में व्यस्त होने के कारण बीएमसी में समय नहीं दे पा रहे हैं। इसीलिए इनकी जगह प्रवीण छेड़ा या भालचंद्र शिरसाट को उपचुनाव लड़ाकर बीएमसी में लाया जा सकता है। यह सीट बीजेपी के लिए सबसे सुरक्षित मानी जाती है। पराग शाह भी विधायक बन गए हैं, पार्टी उनके बारे में



भी जल्द ही निर्णय लेगी, जिससे बीएमसी में बीजेपी की स्थिति मजबूत हो सके। छेड़ा और शिरसाट दोनों मजबूत ढंग से बीएमसी में अपनी मौजूदगी साबित कर चुके हैं।

बीजेपी ने बीएमसी में शिवसेना को घेरने की रणनीति तैयार की है, लेकिन दमदार नेतृत्व के अभाव के कारण ऐसा करने में अब तक नाकाम रही है। स्थायी समिति हो या गुट नेताओं की बैठक या कोई पॉलिसी, शिवसेना को रोकने में बीजेपी फेल साबित हुई है। बीजेपी ने वर्ष 2022 के बीएमसी चुनाव में पार्टी का महापौर बनाने का दावा किया है, जबकि उसके पास अभी बीएमसी में नेता विपक्ष का पद भी नहीं है। बीजेपी की रणनीतिक भूल का फायदा उठाते हुए कांग्रेस बीएमसी में विपक्ष और राज्य में सत्ता पक्ष दोनों का लाभ ले रही है। वहीं, राज्य की तरह बीएमसी में भी कांग्रेस-राकांपा से हाथ मिला लेने से शिवसेना और मजबूत हो गई है।

मैंने चार महीने पहले ही पार्टी को बीजेपी गुट नेता पद से मुक्त करने का प्रस्ताव दे दिया था।

यदि पार्टी मुझे नगरसेवक पद से इस्तीफे के लिए कहती है तो मैं तैयार हूं। 16 फरवरी को पार्टी अधिवेशन के बाद हम बीएमसी में नेता विपक्ष पद के लिए दावा करेंगे।

-मनोज कोटक, सांसद और ग्रुप नेता, बीजेपी

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# हिंदुत्व साबित करने के लिए झंडा बदलने की जरूरत नहीं: उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि शिवसेना को अपना हिंदुत्व साबित करने के लिए झंडा बदलने की जरूरत नहीं है। उद्धव ने यह भी कहा कि बीजेपी हिंदुत्व की की 'झंडाबरदार' नहीं है। उद्धव का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रविवार को ही राज ठाकरे ने आजाद मैदान में सीएए समर्थन में रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया है।

गौरतलब है कि राज ठाकरे आजकल अपनी हिंदुत्व की राजनीति में नई जान फूंकने के प्रयास में जुटे हैं। उद्धव के कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना लेने के बाद माना जा रहा है कि शिवसेना हिंदुत्व के अजेंडे पर नरम पड़ रही है और राज ठाकरे इसे अपने लिए एक मौके के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अपने झंडे में भी बदलाव किया है। उद्धव का इशारा इसी ओर था।



मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर पार्टी विधायकों और जिलाध्यक्षों की बैठक में यह बात कही। शिवसेना के एक पदाधिकारी के अनुसार बैठक में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के संबंध में एक सवाल के जवाब में उद्धव ठाकरे ने कहा, 'मुझे मेरे हिंदुत्व को साबित करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह दिवंगत बालासाहेब का हिंदुत्व है। यह शुद्ध है। मैंने अपनी पार्टी का झंडा नहीं बदला है। एक व्यक्ति, एक झंडा.. यह तय है। दुनिया को हमारे हिंदुत्व का ज्ञान है।'

## बिजनसमैन से मांगी 2 करोड़ की रंगदारी, दाऊद इब्राहिम के 'खास' को मुंबई पुलिस ने किया अरेस्ट



मुंबई। मुंबई पुलिस की ऐंटी एक्सटॉर्शन सेल ने रविवार को यहां के डोंगरी इलाके से अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के सहयोगी को गिरफ्तार किया है। दाउद के सहयोगी तारिक परवीन को एक बिजनसमैन से रंगदारी मांगने के मामले में अरेस्ट किया गया है और पुलिस की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐंटी एक्सटॉर्शन सेल के चीफ अजय सावंत ने बताया कि शिकायत करने वाले बिजनसमैन से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी।

मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर संतोष रस्तोगी ने इस मामले की जानकारी देते हुए कहा कि तारिक परवीन को शहर के एमआरए मार्ग पुलिस थाने में दर्ज हुई एक एफआईआर के बाद गिरफ्तार किया गया है। इस एफआईआर में तारिक के अलावा दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगी एजाज लकड़ावाला, सलीम फर्नीचरवाला के नाम भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बायकुला के रहने वाले एक बिजनसमैन ने बीते साल एक कंप्लेन करते हुए कहा था कि अंडरवर्ल्ड के कुछ लोग उससे रंगदारी मांग रहे हैं। जॉइंट कमिश्नर ने बताया कि एजाज लकड़ावाला और सलीम को पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और इसके बाद रविवार को तारिक की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने बताया कि एजाज पूर्व में 25 से अधिक मामलों में वांछित था और 8 जनवरी को उसे बिहार की राजधानी पटना से अरेस्ट किया गया था। इसके अलावा सलीम को भी बीते महीने हिरासत में लिया गया था।

## देश विरोधियों को दुबई के रास्ते नकली नोट पहुंचा रहा पाक!



**मुंबई।** मुंबई में क्राइम ब्रांच की टीम ने करीब 23 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। दुबई से मुंबई आए इस शख्स के पास से एजेंसी ने 23 लाख 86 हजार रुपये की नकली करंसी बरामद की है। पुलिस का दावा है कि इस पैसे को पाकिस्तान के जरिए भारत में भेजा गया था। गिरफ्तार शख्स ने यह भी बताया है कि पकड़ी गई नकली करंसी को भारत में देश विरोधी तत्वों तक पहुंचाया जाना था। रविवार को अपनी इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने दुबई से मुंबई आए एक शख्स को मुखबिर से मिली सूचना के बाद गिरफ्तार किया है। इस शख्स के पास से क्राइम ब्रांच की टीम ने 23 लाख 86 हजार रुपये की नकली करंसी और अन्य सामान जब्त किए हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए शख्स से शुरुआती तौर पर हुई पूछताछ में कई बड़े खुलासे हुए हैं। टीम के मुताबिक, नोटों के साथ पकड़े गए शख्स ने कहा है कि इन पैसों को पाकिस्तान दुबई के जरिए भारत में पहुंचाना चाहता था, जिनका इस्तेमाल देश-विरोधी गतिविधियों के लिए होना था। हालांकि एजेंसी को अब तक यह पता नहीं चल सका है कि इन पैसों को किस शख्स के पास तक पहुंचाना था और क्या इससे पहले भी नोटों की खेप को दुबई के रास्ते भेजा गया है या नहीं।

## भंगार के गोदाम में लगी आग

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के ससून डॉक एरिया में स्थित एक गोदाम में शनिवार की देर रात भीषण आग लग गई। इस आग की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड के ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। रात में करीब डेढ़ बजे दो मंजिला गोदाम में आग लगी। फायर ब्रिगेड को इसकी तुरंत सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड ने चार बंब और पानी का टैंकर घटनास्थल पर भेजा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इससे पहले कालाचौकी के अभ्युदय नगर स्थित मिलान इंडस्ट्रियल इस्टेट में आग लग गई थी। यह आग इमारत के बंद गोदाम में लगी थी। इसमें भी किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई थी।

## महाराष्ट्र में आग के हवाले की गई महिला लेक्चरर की मौत

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में पीछे करने वाले एक व्यक्ति द्वारा पिछले सप्ताह आग के हवाले की गई 25 वर्षीय महिला लेक्चरर की सोमवार सुबह नागपुर के एक अस्पताल में मौत हो गई। वर्धा में विकेश नगराले (27) ने हिंगणघाट निवासी अंकिता पिसुड्डे (25) को तीन फरवरी को आग के हवाले कर दिया था जिसके कारण वह 40 प्रतिशत जल गई थी। उसका नागपुर के ओरेंज सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में इलाज चल रहा था।

हिंगणघाट के पुलिस निरीक्षक सत्यवीर बंडीवार ने कहा, डॉक्टर ने आज सुबह छह बजकर 55 मिनट पर उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि महिला की मौत के बाद किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अस्पताल के आसपास सुरक्षा एहतियातन कड़ी कर दी गई है। कई स्थानीय लोगों, महिलाओं और कॉलेज छात्रों ने आरोपी को मौत की सजा देने की मांग करते हुए वर्धा में गत गुरुवार को मार्च निकाला था।

राज्य सरकार ने मामले में जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को विशेष सरकारी वकील नियुक्त किया है। महिला के रिश्तेदारों के अनुसार नगराले पिछले कुछ समय से अंकिता को परेशान कर रहा था। घटना के कुछ घंटे बाद ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया था।

पुलिस ने पहले बताया था कि नगराले पीड़िता का दो साल पहले तक दोस्त था। उसके अनुचित व्यवहार के चलते अंकिता ने उससे संबंध खत्म कर लिया था, जिसके बाद वह उसका पीछा करने लगा।

# स्लम में रहने वालों का बड़े घर का सपना 15 में होगा पूरा: आव्हाड

**मुंबई।** मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन (एमएमआर) के स्लम में रहने वाले लोगों का बड़े घर का सपना जल्द ही हकीकत में तब्दील होगा। गृह निर्माण मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने एनबीटी से इसकी पुष्टि की है। आव्हाड ने कहा कि 15 दिन के भीतर ही इस संदर्भ में शासनादेश जारी कर दिया जाएगा। अब तक केवल मुंबई में ही 300 वर्ग फीट के घर दिए जा रहे हैं। इसी तर्ज पर एमएमआर रीजन में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

गौरतलब है कि गृहनिर्माण मंत्री पद संभालते ही ठाणे में एसआरए के घर 269 वर्ग फीट से बढ़ाकर 300 वर्ग फीट करने का ऐलान आव्हाड ने किया था। तभी से इसे लेकर कयास लगाए जा रहे थे।

सरकार के इस फैसले का लाभ ठाणे, डोंबिवली, कल्याण और पालघर में रहने वाले लाखों स्लमवासियों को मिलेगा। कई वर्षों से एसआरए के तहत बनने वाले घरों का आकर बढ़ाने की इनकी मांग थी। स्लमवासियों की इस मांग को पिछली सरकार पूरा नहीं कर पाई थी। सत्ता की चाभी मिलते ही महाविकास आघाडी ने वर्षों से अटकी पुनर्विकास योजनाओं को रफ्तार देते हुए यह ऐलान किया है।



300 वर्ग फुट के लिए 10 से 15 दिन में आदेश जारी कर दिया जाएगा। इससे लाखों लोगों का सपना पूरा होगा।
-जितेंद्र आव्हाड, गृहनिर्माण मंत्री

स्लम में कई घर खरीदकर उससे भाड़ा कमाने वाले तमाम लोगों की शामत आनी तय है। जल्द ही ह्यजो रहेगा, उसका घरह्व के संदर्भ में ठोस निर्णय किया जाएगा। इस बारे में भी ऐलान किया जा चुका है। जिस घर में भाड़े पर कोई रहता होगा, वह घर उसका हो जाएगा। इससे स्लम के ऊंचे भाव भी कम होने की संभावना है। गौरतलब है कि मुंबई के कई इलाकों में घरों के दाम 30-35 लाख रुपये तक पहुंच गए हैं। सोचने वाली बात यह है कि इतने ऊंची कीमत पर कौन गरीब घर खरीद रहा है? जानकार लंबे समय से इसमें निवेशकों पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।

आव्हाड के अनुसार, स्लम में कई लोगों के पास 10 से अधिक घर हैं। ये लोग स्लम के घरों को किराये पर देकर दूसरी जगह पर शिफ्ट हो गए हैं। 20-30 साल से लोगों से किराया वसूल रहे हैं। जो लोग वर्षों से स्लम में रह रहे हैं, अब कानूनी तौर पर घर उनका होगा। अब कोई भी मकान मालिक बल प्रयोग से घर को खाली नहीं करवा सकता है।

पुनर्वसन योजना को रफ्तार देने के लिए गृहनिर्माण विभाग ने 90 दिन के भीतर पात्र-अपात्र का फैसला करने का निर्णय लिया है। गृहनिर्माण मंत्री के अनुसार, म्हाडा, एसआरए या प्राइवेट जमीन का एसआरए योजना के लिए चयन होने पर उस पर रहने वाले लोगों की पात्रता और अपात्रता तय करने का जिम्मा अडिशनल कमिश्नर पद के अधिकारी को दिया जाएगा। अधिकारी को 90 दिन के भीतर अपना काम पूरा करना होगा।

# सीएए के समर्थन में राज ठाकरे के बयान पर कांग्रेस नेता सावंत ने कहा- वह भाजपा की भाषा बोल रहे हैं

## राज ठाकरे ने कहा था- 'ईंट का जवाब पत्थर से और तलवार का जवाब तलवार से दिया जाएगा'

**मुंबई।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन सावंत ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधा। कहा- राज ठाकरे भारतीय जनता पार्टी की भाषा बोल रहे हैं। दरअसल, राज ठाकरे ने सीएए और एनआरसी का रविवार को खुलकर समर्थन किया था। इसके खिलाफ रैली करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने की चेतावनी दी थी। कांग्रेस प्रवक्ता सावंत ने कहा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने बीजेपी के 'धार्मिक नफरत एक्सप्रेस' के लिए अपने इंजन (पार्टी के चुनाव चिह्न) को लीज पर दे दिया है, लेकिन यह यहां विफल हो जाएगा। सावंत ने कहा कि व्यक्तिगत लाभ या हानि के आधार पर भूमिका निभाने वालों को लोग कोई महत्व नहीं देते हैं। मनसे के कार्यकर्ताओं ने रविवार



दोपहर में गिरगांव चौपाटी से आजाद मैदान तक बड़ा जुलूस निकाला और अवैध रूप से देश में घुसे पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों को बाहर निकालने की मांग की थी। आजाद मैदान में सभा को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा था- आज से ईंट का जवाब पत्थर से और तलवार का जवाब तलवार से दिया जाएगा। राज ठाकरे ने कहा था, मुझे समझ नहीं आता कि सीएए के खिलाफ मुसलमान आखिर क्यों प्रदर्शन कर रहे हैं। सीएए उन मुसलमानों के लिए नहीं है जो भारत में पैदा हुए हैं। आप किसे अपनी ताकत दिखा रहे हैं। हिंदू जिमखाना से मेट्रो जंक्शन तक आयोजित महामोर्चा में ठाकरे ने भी पदयात्रा की। इस कार्यक्रम में उनके साथ उनकी पत्नी शर्मीला और पुत्र अमित भी मौजूद थे।

## यात्रियों का इंतजार कर रही एसी लोकल

**ठाणे।** ठाणे से पनवेल के बीच शुरू हुई एसी लोकल अभी भी यात्रियों से दूर है। यह लोकल यात्रियों को अपनी तरफ खींचने में कमजोर साबित हो रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए मध्य रेलवे प्रशासन की तरफ से 30 जनवरी को इस कूल-कूल लोकल की शुरूआत गाजे बाजे के साथ हुई थी। लेकिन एसी लोकल में यात्री अधिक रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इस लोकल की अप एंड डाउन मिलकर कुल 16 फेरी हो रही हैं। रेलवे से मिले आकड़ों के अनुसार, 16 फेरियों के हिसाब से प्रति फेरी जैसे-तैसे 83 से 85 यात्री सफर कर रहे हैं। हालांकि दैनिक टिकट की तुलना में सीजन टिकट (पास) को यात्रियों ने अधिक पसंद किया है।

## हिन्दुत्व साबित करने के लिए शिवसेना को झंडा बदलने की जरुरत नहीं: उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपने चचेरे भाई और मनसे प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि शिवसेना को अपना हिन्दुत्व साबित करने के लिए झंडा बदलने की जरुरत नहीं है। गौरतलब है कि राज ठाकरे आजकल अपनी हिन्दुत्व की राजनीति में नयी जान फूंकने के प्रयास में जुटे हैं। उद्धव ने यह भी कहा कि भाजपा हिन्दुत्व की 'झंडाबरदार' नहीं है। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर पार्टी विधायकों



और जिलाध्यक्षों की बैठक में उक्त बात कही। शिवसेना के एक पदाधिकारी के अनुसार बैठक में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के संबंध में एक सवाल के जवाब में उद्धव ठाकरे ने कहा, मुझे मेरे हिन्दुत्व को साबित करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि यह दिवंगत बालासाहेब का हिन्दुत्व है। यह शुद्ध है। मैंने अपनी पार्टी का झंडा नहीं बदला है। एक व्यक्ति, एक झंडा.. यह तय है। दुनिया को हमारे हिन्दुत्व का ज्ञान है।

# महाराष्ट्र में जेल तोड़कर भागे पांच कैदी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित कर्जत जेल से पांच कैदी भाग गए। आरोपियों पर हत्या, बलात्कार और हथियार रखने जैसे मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पांचों की पहचान ज्ञानेश्वर तुकाराम कोल्हे, अक्षय रामदास राउत, मोहन कुंडलिक मोरे, चंद्रकांत महादेव राउत और गंगाधर जगताप के रूप में हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि ज्ञानेश्वर को अवैध रूप से हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था जबकि अक्षय, मोहन और चंद्रकांत पर हत्या का आरोप है। गंगाधर को बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने कहा, उन्होंने कर्जत में जिला सब-जेल की छत पर एक रोशनदान की छड़ निकाल दी और रविवार की शाम को फरार हो गए। घटना के वक्त एक गार्ड लॉकअप पर तैनात था और तीन अन्य को जेल के आसपास तैनात किया गया था। पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) मिलिंद भारंबे ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष दल बनाया गया है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**जामिया में फिर बवाल**

वहीं समाजवादी पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया है कि दिल्ली में सीएए के खिलाफ शांतिपूर्ण मार्च पर निकले छात्रों पर लाठीचार्ज अत्यंत दुखद है। संविधान विरोधी कानून से मिले विरोध के मौलिक अधिकार को भी सत्ता तले कुचला जा रहा है। घायल छात्रों के प्रति संवेदना है। हम इस कायरता की भर्त्सना करते हैं। गौरतलब है कि अब तक जामिया में प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। करीब 200 प्रदर्शनकारी अब भी डटे हुए हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर भारी सुरक्षा इंतजाम किए हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि उनकी तरफ से कोई लाठीचार्ज नहीं हुई है। लेकिन जो स्टूडेंट्स आगे की लाइन में थे, उन्हें लाठी खानी पड़ी। वहीं जामिया प्रशासन ने प्रदर्शन स्थल पर मौजूद छात्रों से वापस जाने को कहा है। सीएए, एनआरसी और एनपीआर के खिलाफ जामिया कोऑर्डिनेशन कमेटी (जेसीसी) ने इस मार्च का आयोजन किया है। संसद कूच करते वक्त प्रदर्शनकारियों को ओखला के होली फैमिली अस्पताल के सामने पुलिस ने रोकने की कोशिश की, इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पुलिस ने होली फैमिली अस्पताल के पास प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। यह लाठीचार्ज प्रदर्शनकारियों को वापस लौटाने के लिए किया गया लेकिन प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच होली फैमिली अस्पताल के पास गतिरोध बना रहा। सुरक्षा बलों ने उस समय प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जब प्रदर्शनकारियों ने उनपर पानी के पाउच फेंके और गालियां दीं। सीएए विरोधी मार्च सोमवार को निर्धारित समय से काफी देर से जामिया मिलिया इस्लामिया से भारी सुरक्षा के बीच शुरू हुआ। पुलिस ने शुरूआत में प्रदर्शनकारियों को मार्च की अनुमति नहीं दी थी। संसद मार्च का आह्वान नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के खिलाफ जामिया कोऑर्डिनेशन कमेटी ने किया था। इसी तरह का एक मार्च महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर 30 जनवरी को बापू की समाधि राजघाट तक निकाला जा रहा था, जिस दौरान खुद को रामभक्त बताते वाले एक युवक ने सीएए के समर्थन नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों पर गोली दाग दी थी, जिसमें एक छात्र घायल हो गया था।

**...लेक्चरर की 8 दिन बाद मौत**

घटना के दौरान 40% जल चुकी अंकिता वेंटीलेटर पर थी, उसकी आंखों की रोशनी भी चली गई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी विकेश नागराले (27) को गिरफ्तार कर लिया था। वह शादीशुदा और एक बच्चे का पिता है। सीएम उद्धव ठाकरे ने पीड़ित का इलाज मुख्यमंत्री राहत कोष से करवाने की घोषणा की थी। महाराष्ट्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री यशोमति ठाकुर ने कहा- एक बहादुर बेटी का जाना बेहद दुखद है। देश में आज फिर एक निर्भया का निधन हुआ है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि दोषी को कड़ी सजा मिले। घटना से नाराज लोगों ने सोमवार को नागपुर-हैदराबाद ओल्ड हाइवे पर जाम लगा दिया। लोग आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्धा जिले के दरोदा गांव की रहने वाली अंकिता महिला कॉलेज में लेक्चरर थी। घटना के वक्त वह रोज की तरह 75 किमी दूर कॉलेज जाने के लिए बस में सवार हुई थी। हिंगणघाट में कॉलेज नजदीक आने पर बस से उतरी। वहां पहले से मौजूद विकेश अपनी स्कूटी से पेट्रोल निकालकर अंकिता के पास आया। लेक्चरर कुछ समझ पाती, इससे पहले विकेश ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और वहां से भाग गया था। वारदात के वक्त स्कूल जाने वाली कुछ बच्चियां वहां से गुजर रही थीं। अंकिता को झुलसते देख इन बच्चियों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। लोगों ने अंकिता पर पानी डाला। तब तक उसका चेहरा 40% तक झुलस चुका था। उसका सिर, चेहरा, बायां हाथ, पीठ और गर्दन झुलस गई थी। पुलिस के मुताबिक, अंकिता और विकेश में पहले बातचीत थी। बाद में विकेश की शादी हो गई। इसके बाद भी वह अंकिता से शादी करना चाहता था और उसे बात करने की कोशिश करता था।

**1993 ब्लास्ट...**

उसके पास से पाकिस्तानी पासपोर्ट भी बरामद हुआ है। मूसा ड्रग्स कारोबार से भी जुड़ा रहा है। पिछले साल गुजरात के कोस्टल इलाके से एटीएस द्वारा पकड़ी गई 1500 करोड़ रुपए की ड्रग्स तस्करी मामले में भी उसका नाम आया था। एटीएस सूत्र बताते हैं कि 1993 में मुंबई ब्लास्ट केस में नाम आने के बाद वह देश छोड़कर फरार हो गया था। उसके दक्षिण अफ्रीका में होने की जानकारी कई बार सामने आई थी। मुनाफ हलारी की गिरफ्तारी को पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी बताई जा रही है। इस गिरफ्तारी के बाद दक्षिण एशिया में एक बड़े ड्रग रैकेट का पता चल सकता है।









# महालक्ष्मी फिटनेस क्लब के कार्यक्रम में पहुंचे योगा ग्रैंड मास्टर राधेश्याम जयसवार



**महालक्ष्मी** फिटनेस क्लब आयोजित कार्यक्रम 27 जनवरी 2020 रेस कोर्स गेट नंबर 4 के सामने एसआर हाउस के पीछे बॉडी बिल्डिंग कंपटीशन निर्देशक भानजी वाला दिनेश वाला और योगा गुरु राधेश्याम जयसवार कार्यक्रम की शुरूआत महालक्ष्मी फिटनेस क्लब के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की पूरी फाइनेंस देना बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया। फिटनेस क्लब उनका शुक्रगुजार हैं पहले से कार्यक्रम चलते आ रहा है हर साल चलता रहेगा। इसी प्रकार से कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। हजार से भी ज्यादा पार्टिसिपेशन थे लोग कार्यक्रम का उत्साह दर्शकों का मनोरंजन देखने लायक था सभी खिलाड़ियों ने परफारमेंस दिखाया और अंत में उनको देना बैंक और बैंक ऑफ बड़ोदरा के माध्यम से सर्टिफिकेट और मेडल देकर कैश प्राइस देकर सम्मानित किया गया।

## महिलाओं को कमांड पोस्ट का मुद्दा

# सेना ने कहा- महिलाओं को उचित भूमिका दी जाएगी

## सेवा की शर्तें पूरी करने पर पेंशन के भी पक्षधर

**महिलाओं** को कमांड पोस्ट दिए जाने के मुद्दे पर सोमवार को सेना ने स्पष्टीकरण दिया। सेना के सूत्रों ने बताया कि महिला अफसरों को वह सभी उचित भूमिकाएं दी जाएंगी, जो संस्थान के नजरिए से सही होंगी। पिछले हफ्ते कमांड पोस्ट दिए जाने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा था कि केंद्र को इस मामले को एकदम अलग नजरिए से देखना चाहिए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में महिलाओं को स्थाई कमीशन दिए जाने के मुद्दे पर 5 फरवरी को सुनवाई हुई थी। रक्षा मंत्रालय



ने दिल्ली हाईकोर्ट के मार्च 2010 के उस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने नौसेना को अपनी सभी महिला अफसरों को स्थाई कमीशन देने का आदेश दिया था। इस मामले में कुछ महिला अफसरों ने भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम ने कहा था कि हम नौसेना और वायुसेना में महिलाओं को कमांड पोस्ट दिए जाने के मुद्दे पर भी विचार करेंगे। आर्मी सूत्रों ने बताया कि आर्मी उन महिला अफसरों को पेंशन देने की भी पक्षधर है, जिन्होंने अपनी सेवा की शर्तों को पूरा किया है। आर्मी में विभिन्न भूमिकाओं में महिलाओं को शामिल किए जाने के लिए जो भी फैसले लिए गए हैं, वह संस्थान और कर्मचारियों के बेहतर हित में लिए गए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- केंद्र को नजरिया बदलने की जरूरत:** इस मामले पर बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा था कि केंद्र को प्रशासनिक इच्छा और नजरिया बदलने की जरूरत है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस अजय रस्तोगी महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन दिए जाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। इससे पहले केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि भारतीय सेना में यूनिट पूरी तरह पुरुषों की हैं और पुरुष सिपाही महिला अधिकारियों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

**केंद्र ने कहा- रिपोर्ट में चीजों को अलग नजरिए से पेश किया गया:** तुषार मेहता ने बेंच के सामने यह स्पष्ट किया था कि हम किसी भी तरह से लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं कर रहे हैं। और, रिपोर्ट में चीजों को अलग नजरिए से पेश किया गया है। इस पर बेंच ने भी कहा कि रिपोर्ट में जिन मुद्दों का जिक्र किया गया है, वह बहस का हिस्सा नहीं हैं। इस पर तुषार मेहता ने कहा था कि सरकार ने कभी ऐसा नहीं जाहिर किया कि पुरुष अफसर महिला अफसरों से आदेश नहीं ले सकते हैं। महिलाएं न केवल पुरुषों की बराबरी कर सकती हैं, बल्कि वे उनसे बहुत आगे भी जा सकती हैं।


# उर्वसी रौतेला ने लिया फैशन डिजाइन कॉउंसिल ऑफ इंडिया के लिए मॉडलों का ऑडिशन



**फैशन** डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफ दी सी आई) द्वारा कोलकाता में सफल ऑडिशन होने के बाद मुंबई के साकीनाका स्थित स्टार होटल में मॉडलों का ऑडिशन लेने बॉलीवुड की बिंदास और बोल्ड एक्ट्रेस उर्वसी रौतेला पहुंची। इस ऑडिशन इवेंट में 160 से अधिक खूबसूरत चेहरे शामिल हुए जिन्होंने भरपूर उत्साह के साथ रैंप वॉक किया और उनके दमकते खिले चेहरों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। ऑडिशन के लिए जूरी पैनल में डिजाइनर मोनिशा जयसिंग और कुणाल रावल, एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला, सुपर मॉडल रिकी चटर्जी और शो के निर्देशक अनु आहूजा शामिल थे। चयनित लोगों को राजधानी दिल्ली में 11-15 मार्च तक इबिक्स कैश ऑटम-विंटर 2020 के साथ लोटस मेक-अप इंडिया फैशन वीक में रैंप वॉक का अवसर मिलेगा। मुंबई में 15 महत्वाकांक्षी चेहरों को शॉर्टलिस्ट किया गया और उनमें से कुछ मॉडलों ने टाइटल पार्टनर, लोटस मेक-अप और ऑफिशियल पार्टनर सुथोल से हैम्पर्स जीते। उसी अवसर पर फैशन डिजाइन कॉउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन सुनील सेठी ने कहा कि मुंबई हमेशा से एक ऐसा शहर रहा है जहां प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या मिलती है, इस साल भी कोई अलग नहीं था। हमने सुनिश्चित किया कि यह समावेशी हो और सभी को गौर करने का मौका मिले। हमनें व्यक्तित्व और आत्मविश्वास के आधार पर मॉडल का चयन किया है। निश्चित है कि भविष्य में ये चेहरे बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## भागदौड़ जिंदगी में परिवार और दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने का एक अच्छा ऑप्शन है द फर्स्ट प्राइवेट एकर्स लाइफस्टाइल क्लब





**मुंबई** के चेंबूर में स्थित 'द एकर्स लाइफस्टाइल क्लब' परिवार एवं दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने का एक अच्छा स्थान है। जहां आधुनिक सुविधाओं के साथ खेल और मनोरंजन की भी सुविधा उपलब्ध है। क्लब का मुख्य उद्देश्य एक अच्छी जीवनशैली गतिविधियाँ आपके और आपके परिवार के लिए सही वातावरण प्रदान करना है। जिसके लिए आपने इस क्लब को चुना है। क्लब के महाप्रबंधक राजेश शेट्टी ने कहा कि द एकर्स लाइफस्टाइल क्लब, यह एक अच्छा ऑप्शन है लोगों को परिवार और दोस्तो के साथ यहा आकर घूमने और समय बिताने का। राजेश शेट्टी ने कहा कि हमारी कोशिश होती है कि लोग यहा आकर कुछ यादगार पल लेकर जाए। चेंबूर में 2003 में द फर्स्ट प्राइवेट एकर्स लाइफस्टाइल क्लब की स्थापना की गई थी । आज के समय में जैसे पूर्वी उपनगरों में एसे स्थानों की कमी है। एकर्स लाइफस्टाइल क्लब एक स्थान प्रदान करता है जहां आप जाकर अपनी छुट्टियां मना सके। क्लब के अन्दर खेल सुविधाओं के साथ-साथ एकर्स लाइफस्टाइल क्लब, आधुनिक सुविधाओं के साथ खेल और मनोरंजन के लिए एक बहु-गतिविधि केंद्र उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करता है। वहीं एक गेमिंग जोन, स्विमिंग पूल, जिमनैजियम, किड्स प्ले जोन और अन्य का एक गुच्छा जीवनशैली गतिविधियाँ आपके और आपके परिवार के लिए सही वातावरण प्रदान करती हैं।

**सुविधाएं, खेल और गतिविधियाँ: एकड़ में खेल और गतिविधियों की सबसे बड़ी श्रृंखलाएँ हैं छत। बैडमिंटन, टेनिस, स्क्वैश, बास्केटबॉल, तैराकी, एक बच्चे के खेल क्षेत्र से लेकर, कोचिंग, व्यायामशाला, साथ ही कई इनडोर गेम और गतिविधियाँ।**

**एंटरटेनमेंट: पूल टेबल और किड्स प्ले जोन के साथ बेहतरीन मनोरंजन के लिए उन्हें सक्रिय और मनोरंजन किया।**

**इवेंट्स: एकड़ क्लब में कई तरह के आयोजन होते हैं जो साप्ताहिक, मासिक और साथ ही साथ आयोजित किए जाते हैं।**

# Rotaract club of bombay uptown's की ओर से building picasso प्रतियोगिता का आयोजन

## वडाला रोड में आयोजित हुई प्रतियोगिता, बच्चों ने बेहतरीन पेंटिंग्स बनाकर दिखाई अपनी कला

**मुंबई।** शहर के वडाला क्षेत्र में Rotaract club of bombay uptown's की ओर से building picasso प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में बच्चों को एक विषय दिया जाकर उस पर पेंटिंग्स बनानें का टास्क दिया गया था, जिसमें करीबन बारह सौ से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जब मुंबई हलचल की टीम ने बच्चों से बात की तो बच्चों ने काफी जोश और खुशी के साथ अपनी पेंटिंग्स के बारे में बताया। बच्चों ने कहा कि इस प्रतियोगिता से हम सभी को बहुत अच्छा महसूस हो रहा है और हमनें काफी पेंटिग्स बनाई है। कई बच्चों के लिए यह प्रतियोगिता पहली बार थी, मगर कितनें ही बच्चों द्वारा पिछले आठ से भी ज्यादा वर्षों से इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जा रहा है। क्लब के सदस्यों से बातचीत के दौरान उन्होनें कहा कि जब यह प्रतियोगिता पहली बार शुरु की गई थी, तब 100 बच्चों ने हिस्सा लिया था, मगर आज आठ साल के बाद करीब बारह सौ से भी ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया है, जिससे हम सभी सदस्यों में बहुत ही खुशी का माहौल है। बच्चे इस प्रतियोगिता में इतना घुल-मिल गये है कि उन्हें एक सब्जेक्ट पर पेंटिंग बनानी थी, मगर उन बच्चों ने दो से तीन पेंटिंग्स बनायी







### आठ वर्षों से लगातार हर साल होती है प्रतियोगिता

है। इस बार प्रतियोगिता के टॉपिक भी आज के हालत को देखते हुए दिये गये है। क्लब की चेयर पर्सन यनीशा मूस ने बताया कि हम हर साल इस प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं, जिससे इंसान के अंदर का कलाकार बाहर निकले। आज बहुत से लोग डिप्रेशन में रहते है, तनाव महसूस करते है। इस तरह की प्रतियोगिता और कला से ही इंसान के अन्दर का तनाव कम होता है। हमारा क्लब वृद्धाश्रमों में जाकर भी इस प्रकार के इवेंट से उनको तनाव से मुक्त करता है तथा और भी कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर सभी को कला के जरिये एक खुशी देनें का काम किया जाता है। क्लब के प्रेसीडेंट नीवान सवानी ने कहा कि इस कार्यक्रम से सभी में एक अलग ही उत्साह देखनें को मिलता है। मुझे खुशी है कि मैं इस प्रोजेक्ट से जुडा हूं। इस प्रतियोगिता में हर साल बच्चों की बढती संख्या ही हमारी जीत का प्रतीक है। बिल्डिंग पिकासो एक ब्रांड बन चुका है और हम हर साल कुछ बेहतर करनें की कोशिश करते हैं। क्लब की चेयर पर्सन खुशबू दोशी ने बताया कि इतनें सारे बच्चों के साथ एक प्लेस पर इस तरह की प्रतियोगिता करनें में हमें बहुत ही खुशी और उत्साह होता है तथा हर बार ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें जुडते है तथा अपना योगदान देते है। इस प्रतियोगिता ने अपना एक अलग ही दर्जा हासिल किया है। हर साल हम बच्चों के लिए नये टॉपिक्स लाते है तथा बच्चों का इतना उत्साह देखकर हम हर साल उससे भी बेहतर करनें की कोशिश करते हैं। यह प्रतियोगिता सबसे अलग है। इस प्रतियोगिता में जूनियर से आठवी कक्षा तक के बच्चों को अलग अलग टॉपिक्स दिये गये, जिनमें प्रथम आनें वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में सार्थक एवं सराहनीय सहयोग के लिए दैनिक मुंबई हलचल अखबार को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में बारह सौ से अधिक बच्चों के अलावा, रोट्रैक्ट क्लब के सभी सदस्य, बच्चों के परिजन सहित शहर के आम जन उपस्थित थे।

# चीन के वुहान में कोरोनावायरस से 20 दिनों में 5 लाख लोग संक्रमित हो सकते हैं

## अब तक 40 हजार से ज्यादा मामलों की पुष्टि

**चीन** में कोरोनावायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में अब तक 908 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 40 हजार से ज्यादा लोग इसकी चपेट में हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी के अंत तक चीन के सबसे ज्यादा प्रभावित शहर वुहान में कोरोनावायरस संक्रमण पांच लाख लोगों को अपनी चपेट में ले सकता है। 2002-03 में आए सार्स वायरस की तुलना में कोरोना से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इसकी वजह से 23 जनवरी से हुबेई प्रांत के वुहान शहर को लॉकडाउन कर दिया गया है। शहर के 1.1 करोड़ लोग अपने घरों में कैद हैं।लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन ने हर दिन संक्रमित होने वालों के आंकड़ों का अध्ययन किया है। इतना ही नहीं, कोरोनावायरस के फैलने के तरीकों पर भी स्टडी की है। संक्रामक रोग महामारी विज्ञान



के प्रोफेसर एडम कुचार्स्की ने रविवार को कहा- संक्रमण की अभी की स्थिति देखें तो फरवरी के अंत तक वुहान में प्रभावित लोगों की तादाद बढ़ सकती है। उन्होंने कहा- संक्रमण की रफ्तार अगर ऐसी ही रही तो फरवरी के अंत तक वुहान की 5% आबादी इसकी चपेट में आ सकती है। मतलब 1.1 करोड़ की आबादी वाले शहर की 5 लाख आबादी इससे प्रभावित होगी। प्रो. कुचर्स्की ने कहा- इसका मतलब होगा कि शहर के 20 में से 1 युवक इससे प्रभावित होगा। अगर 20 दिनों में संक्रमण की रफ्तार धीमी हो जाती है तो आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। उधर, शंघाई सिविल अफेयर्स ब्यूरो के डिप्टी हेड ने भी खुलासा किया था कि कोरोनावायरस अब हवा में मौजूद सूक्ष्म बूंदों से चिपककर एयरोसोल बना रहा है, इस वजह से इसकी फैलने की रफ्तार भी बढ़ रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## दोपहर 3 बजे के बाद बीजेपी के पक्ष में हुई प्रचंड वोटिंग,
# 48+ सीटों के साथ बनाएंगे सरकार: मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एग्जिट पोल नतीजों में एक बार फिर आम आदमी पार्टी सरकार की भविष्यवाणी की गई है लेकिन बीजेपी का दावा है कि वह 48 से ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाएगी। दिल्ली बीजेपी के चीफ मनोज तिवारी अपने इस दावे का आधार आखिरी के 3-4 घंटों में हुई वोटिंग को दे रहे हैं। बीजेपी के संगठन महासचिव बी. एल. संतोष ने भी कुछ इसी तरह का दावा किया है। उन्होंने ट्वीट कर दावा किया कि आखिरी के 2 घंटों में 17 प्रतिशत वोटिंग हुई।

मनोज तिवारी ने दावा किया कि ईवीएम के आंकड़े दोपहर 3 बजे तक के ही हैं जबकि 3 बजे के बाद बीजेपी के पक्ष में प्रचंड वोटिंग हुई है। उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाने को लेकर आम आदमी पार्टी पर भी हमला बोला है। तिवारी ने रविवार को कहा, 'दोपहर 3 बजे तक किसी को ऊंचा-नीचा लग सकता है। एग्जिट पोल वाले खुद ही कह रहे हैं कि डेटा 3 बजे तक का है।



लेकिन 3 से शाम साढ़े 7 बजे तक बीजेपी के पक्ष में प्रचंड वोटिंग हुई है। आप भी दावा कर रही है कि 3 बजे के बाद उसके पक्ष में प्रचंड वोटिंग हुई है। 11 तारीख का इंतजार कीजिए, सब सामने आ जाएगा।'

दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर नतीजों से पहले ही सरेंडर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कन्फ्यूज है। उसकी कुछ सीटें आ सकती हैं लेकिन अरविंदर सिंह लवली जैसे उम्मीदवारों को उन्हीं की पार्टी कांग्रेस हराने में लगी है।

मतदान प्रतिशत के आखिरी आंकड़ों में देरी को लेकर आप सांसद संजय सिंह के 'दाल में कुछ काला' बयान से जुड़े सवाल पर मनोज तिवारी ने कहा ईवीएम को दोष देने के लिए बहाना बनाया जा रहा है। तिवारी ने कहा, 'ईवीएम का रोना क्यों रो रहे हो? क्या आप जीत गई तो ईवीएम ठीक है और नहीं जीत पाई तो ईवीएम खराब है? अपने कर्मों को दोष दे आप।'

दूसरी तरफ, आप छोड़ बीजेपी में आए और मॉडल टाउन से उम्मीदवार कपिल मिश्रा ने संजय सिंह द्वारा ईवीएम मशीनों के साथ छेड़छाड़ की आशंका जताने को दिल्ली का अपमान करार दिया है। मिश्रा ने ट्वीट किया, 'ईवीएम पर सवाल उठाकर दिल्ली की जनता का अपमान कर रही है आप।'

# बजट के बाद बड़े पैमाने पर होंगे प्रशासनिक फेरबदल

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के बाद प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, शासन में कई अहम पदों पर बदलाव के साथ यूपी को नियमित मुख्य सचिव भी मिल सकता है। अभी यूपी में लंबे समय से कार्यवाहक मुख्य सचिव की तैनाती है।

नियमित मुख्य सचिव के तौर पर 1986 और 1987 बैच के आईएएस अफसरों की दावेदारी प्रबल मानी जा रही है। मुख्य सचिव पद के लिए मौजूदा कार्यवाहक मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी, 1986 बैच के आईएएस अफसर और आईआईडीसी आलोक टंडन का नाम शामिल है। इसके अलावा 1987 बैच के कुछ अफसर भी इस



पद की रेस में बने हुए हैं।

1995 बैच के जिन अफसरों को प्रमुख सचिव के पद पर प्रमोट किया गया है, उन्हें भी नए विभागों में तैनाती दी जा सकती है। साथ ही सचिवालय में कई ऐसे अफसर तैनात हैं, जिनके पास कई विभागों का चार्ज है। ऐसे विभागों में भी नए अफसरों की तैनाती हो सकती है। 1995 बैच के जिन अफसरों का प्रमुख सचिव रैंक में प्रमोशन हुआ है उसमें ज्यादातर सचिव रैंक पर ही तैनात है।

# 'किसी बेरोजगार युवा के पिता के लिए भी कोई आसन बता दें पीएम मोदी'-अखिलेश



**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सूर्य नमस्कार' वाले बयान पर तंज करते हुए रविवार को कहा कि मोदी किसी बेरोजगार युवा के पिता के लिए भी कोई आसन बता देते तो अच्छा होता। अखिलेश ने बहराइच में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते समय बाराबंकी में कहा, 'प्रधानमंत्री 'सूर्य नमस्कार' के बार-बार अभ्यास को बढ़ाकर अपनी पीठ मजबूत करने की बात कह रहे हैं। अच्छा होता, अगर वह किसी बेरोजगार युवा के पिता के लिए भी ऐसा कोई आसन बता देते।'

उन्होंने कहा, 'देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के पास उसके बारे में सोचने की फुरसत नहीं है तो कम से कम वह कोई आसन ही बता दें।' गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'डंडे' वाली टिप्पणी पर बीते गुरुवार को लोकसभा में तंज करते हुए कहा कि अब वह और भी ज्यादा सूर्य नमस्कार करेंगे ताकि उनकी पीठ और मजबूत हो सके।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल अनुमानों का जिक्र करते हुए एसपी अध्यक्ष ने कहा कि दिल्लीवासियों ने बीजेपी की नफरत भरी राजनीति को नकार दिया है। कई राज्यों में शिकस्त पा चुकी बीजेपी दिल्ली के चुनाव में खाता भी नहीं खोल पाएगी और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल की एक बार फिर मुख्यमंत्री के तौर पर ताजपोशी होगी।

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले का नाम बदले जाने की अटकलों के बीच एसपी मुखिया ने कहा कि यह सरकार केवल नाम बदलने में माहिर है। समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जनता को बीजेपी की असलियत समझाएंगे। उन्होंने कहा, 'जनता को अच्छी ऐंबुलेंस चाहिए, अच्छी सुविधा चाहिए, किसानों को उनकी पैदावार का उचित मूल्य मिलना चाहिए, मगर इखढ सरकार ऐसा करने में पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है।'

# पवन की दो क्यूरेटिव और मर्सी पिटिशन का ऑप्शन

**नई दिल्ली।** निर्भया के गुनाहगारों को कब फांसी होगी यह सवाल अभी भी बना हुआ है। दिल्ली हाई कोर्ट ने पिछले हफ्ते दोषियों से कहा था कि वह एक हफ्ते में अपने कानूनी उपचार का इस्तेमाल कर लें। इसकी मियाद मंगलवार को पूरी हो रही है। ऐसे में मंगलवार से पहले इस मामले में पवन की ओर से क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल की जाएगी। क्यूरेटिव खारिज होने के बाद पवन की मर्सी पिटिशन का ऑप्शन होगा। बाकी सभी दोषियों की क्यूरेटिव और दया याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है।

निर्भया के गुनाहगारों को अलग-अलग फांसी देने के लिए केंद्र सरकार की दलील पर सुप्रीम कोर्ट 11 फरवरी को सुनवाई करने वाला है। दोषियों की फांसी के अमल पर निचली अदालत ने रोक लगा दी थी और हाई कोर्ट ने भी उस फैसले को बरकरार रखा था। हाई कोर्ट ने कहा था कि मुजरिम अपने कानूनी उपचार का



इस्तेमाल हफ्ते भर में कर लें। उसकी मियाद 11 फरवरी को पूरी हो रही है। मुकेश, विनय और अक्षय की क्यूरेटिव पिटिशन और मर्सी पिटिशन खारिज हो चुकी है। पवन के पास ये दोनों कानूनी उपचार बाकी हैं।

पवन के वकील एपी सिंह ने एनबीटी को बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक पवन की ओर से अपने कानूनी उपचार का इस्तेमाल किया जाएगा। पवन की मुख्य मामले में रिव्यू पिटिशन 9 जुलाई 2018 को खारिज हुई थी। साथ ही पवन की दलील है कि वह घटना के समय नाबालिग था। ऐसे मे उसका मामला नाबालिग की तरह ट्रीट होना चाहिए। उसके नाबालिग होने का दावा करने वाली अर्जी सुप्रीम कोर्ट ने 20 जनवरी को खारिज कर दी थी। इसके बाद रिव्यू खारिज हो गई। पवन की ओर से पहले जुवनाइल मामले में क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल की जानी है। वह अर्जी 11 फरवरी से पहले दाखिल की जाएगी। अगर यह अर्जी खारिज हो जाती है तो फिर पवन की ओर से क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल की जाएगी। अगर क्यूरेटिव खारिज होती है तब उसकी ओर से दया याचिका दायर की जाएगी।

कानूनी जानकार नवीन शर्मा बताते हैं कि दोनों क्यूरेटिव खारिज होने के बाद दया याचिका दायर की जाएगी। अन्य मुजरिमों की दया याचिका 3 से 4 दिन में आमतौर पर खारिज हुई है।

# पटना में एक घर में विस्फोट, पांच जख्मी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के सालिमपुर आरा में सोमवार सुबह एक घर में विस्फोट में पांच लोग जख्मी हो गए। पुलिस अधीक्षक (नगर) डी अमरकेश ने बताया कि घायलों में दो महिला और तीन बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह विस्फोट रसोई गैस के छोटे सिलेंडर के फटने के कारण हुआ। घायलों को इलाज के लिए पटना मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के कारण पडोस का एक अन्य घर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोग सिलेंडर फटने से विस्फोट होने की बात से इंकार कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या यह बम धमाका है, अधिकारी ने कहा कि यह विस्फोट रसोई गैस में रखे तीन सिलेंडर में नहीं बल्कि एक दूसरे कमरे में रखे एक छोटे रसोई गैस सिलेंडर में हुआ है। विस्फोट किराए के एक मकान में हुआ और धमाके के बाद से किराएदार फरार है। किराएदार वाहन चालक है। पुलिस मकान मालकिन से किराएदार के बारे में पूछताछ कर रही है।

# काशी विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे श्रीलंका के राष्ट्रपति, सारनाथ को किया नमन

**वाराणसी।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे ने रविवार को श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सारनाथ में भगवान बुद्ध की अस्थियों का दर्शन और उनकी प्रथम उपदेश स्थली को नमन किया।

भारत दौरे पर आए श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे रविवार सुबह करीब 10 बजे वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट निदेशक आकाशदीप माथुर ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों के अलावा सीआईएसएफ कमांडेंट सुब्रत झा भी मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच प्रधानमंत्री शहर के लिए रवाना हुए और सबसे पहले काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे।

काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में श्रीलंका के प्रधानमंत्री ने बैठकर विधि विधान से पूजन किया। प्रधान अर्चक डॉ. श्रीकांत मिश्र और पांच वैदिक ब्राह्मणों ने विशेष पूजन कराया। महिंद्रा राजपक्षे ने मंदिर के स्वर्ण शिखर को भी निहारा। मंदिर प्रशासन की ओर से उन्हें प्रसाद भेंट किया गया। बाबा दरबार के बाद प्रधानमंत्री कालभैरव मंदिर पहुंचे। कालभैरव का पूजन और आरती कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद होटल ताज में कुछ देर विश्राम किया।

दोपहर बाद श्रीलंका के प्रधानमंत्री भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ पहुंचे। मूलगंध कुटी विहार स्थित बौद्ध मंदिर में पूजन और तथागत की अस्थियों के दर्शन करने संग बौद्ध भिक्षुओं का आशीर्वाद लिया। धमेख स्तूप का भी पूजन किया। इस दौरान सारानाथ पुरातात्विक संग्रहालय भारत के राष्ट्र चिन्ह अशोक लाट (अशोक स्तंभ) के साथ सौ साल से ज्यादा समय पहले खुदाई में मिली भगवान बुद्ध और बोधिसत्व की मूर्तियों को देखा।

# सारस संरक्षण क्षेत्र के रूप में विकसित होगा दुधवा का झादी ताल

दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र भीरा रेंज के छैरासी बीट में स्थित झादी ताल को पक्षी विहार के रुप में विकसित करने के लिए 17 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, इस इलाके को उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस के निवास और उनके संरक्षण क्षेत्र के तौर पर विकसित किए जाने का प्लान है। यूपी के राजकीय पक्षी सारस को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर रेड लिस्ट में असुरक्षित माना गया है। सारस कंजर्वेशन सोसाइटी ने हाल ही में झादी ताल को सारस के निवास स्थान के रूप में विकसित करने की परियोजना को मंजूरी दी है। सोसाइटी ने इसके लिए 17 लाख रुपये का बजट भी मंजूर किया है।

वन अधिकारियों ने बताया कि इस स्थान पर लगभग पांच सारसों को देखा गया है। इस स्थान को सारस के निवास स्थान के रूप में विकसित करने के बाद वन विभाग यहां पक्षियों की संख्या को बढ़ाने की कोशिश करेगा क्योंकि यह सारस की ब्रीडिंग के लिए एक आदर्श स्थान है। दुधवा टाइगर रिजर्व (बफर क्षेत्र) के डेप्युटी डायरेक्टर अनिल पटेल ने बताया '25 हेक्टेयर में फैला यह इलाका सारस के संरक्षण के लिए आदर्श है क्योंकि यह तीन तरफ से जंगल से घिरा है, जबकि एक तरफ कृषि भूमि है और इसमें एक छोटा सा वेटलैंड भी है। यहां मौजूद ज्यादातर कृषि भूमि पर धान और गेहूं की खेती होती है, इसलिए यह सारस के लिए एक आदर्श चारागाह स्थल है।'



झादी ताल तीन दिशाओं से जंगल से घिरा हुआ है और यहां पहुंचने के लिए सैलानियों को जंगल के रास्ते पांच किलोमीटर अंदर तक जाना पड़ता है। पर्यावरण के लिहाज से यह इलाका काफी महत्वपूर्ण होने के साथ ही काफी सुंदर भी है। पटेल ने कहा, 'हम मानते हैं कि पर्यावरणविदों पर्यटक और बच्चे झाड़ी ताल तक पहुंचने के मनोहर रास्ते और सारस क्रेन का आनंद पाएंगे।। इस साइट के विकास से लोगों में सारस और अन्य पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा होगी।' वन अधिकारियों ने यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए दो लकड़ी के वॉच टॉवर, लकड़ी के बेंच और व्यू शेड की स्थापना का प्रस्ताव रखा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, सारस को दुनिया का सबसे लंबा उड़ने वाला पक्षी माना जाता है। खड़े होने पर इसकी ऊंचाई लगभग 156 सेमी (5 फुट 2 इंच) तक होती है। सारस आमतौर पर जोड़े में देखे जाते हैं। यह खुले आर्द्र भूमि और दलदली इलाकों में रहता है और जड़ों, कंद, कीड़ों को अपना भोजन बनाता है। अपने भूरे रंग, लाल रंग के सिर और गर्दन के कारण सारस को बाकी क्रेन्स से आसानी से अलग किया जा सकता है। धान के पुआल, पत्तियों और टहनियों का उपयोग करके दलदली क्षेत्रों में यह जून-जुलाई में अपना घोंसला बनाते हैं। इनके प्रजनन की अवधि अगस्त-सितंबर है और मादा सारस आमतौर पर एक समय में दो अंडे देती है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लेटलतीफी कार्यालय में भारी पड़ सकती है। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतें।

**वृष**
मौसम की प्रतिकूलता स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है इसलिये सचेत रहें। व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रियता से हिस्सा लेंगे।

**मिथुन**
कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है इसलिये सावधान रहें। आर्थिक मसलों को पारदर्शिता से निपटाएं। व्यापार में लाभ की संभावना है।

**कर्क**
कोई अनचाहा कार्य आपको परेशानी में डाल सकता है। अपने कार्य के प्रति लापरवाही ठीक नहीं है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे।

**सिंह**
नौकरी में पदोन्नति के साथ स्थानांतर के योग बन रहे हैं। नए दायित्व को लेकर खुशी मिल सकती है। कोई पुरानी बीमारी अचानक उभर सकती है।

**कन्या**
कहीं से नौकरी को लेकर आकर्षक प्रस्ताव सामने आ सकता है लेकिन अपने विवेक से सोच समझकर ही निर्णय लें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल रहे हैं।

**तुला**
मेहमानों के आगमन से घर में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अपना ही आपको भ्रमित कर सकता है इसलिये सतर्क रहें। बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व दें।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को विवाह के मौके मिल सकते हैं। परिवार में खुशी का क्षण उपस्थित हो सकता है। मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है।

**धनु**
कार्यालय में कुछ परेशानी आ सकती है। आपकी लापरवाही से अधिकारी के आक्रोश का शिकार हो सकते हैं। अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएं।

**मकर**
आपका मनमाना रवैया दूसरों को परेशानी में डाल सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। मौसम का परिवर्तन स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।


**कुंभ**
परिवार के लोगों के साथ धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा के दौरान चोरी, दुर्घटना का भय भी है। बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है।

**मीन**
दिन शुभ रहेगा। आपकी सक्रियता और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। अभी कहीं यात्रा का कार्यक्रम बनाने से बचें क्योंकि समय अनुकूल नहीं है।

# दुनिया की इन लाइब्रेरियों में 10 करोड़ से ज्यादा किताबें

**दुनिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरियों के बारे में जानें**

एक हालिया स्टडी की मानें तो जो बच्चे इंटरनेट या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की सहायता से पढ़ाई करते हैं, वे किताब पढ़ने वाले बच्चों की तुलना में फिसड्डी होते हैं। दुनिया डिजिटलाइजेशन की तरफ बढ़ रही है, अब लोगों को ऑनलाइन किताबें पढ़ने की सुविधा मिल रही है। हालांकि किताबों के शौकीनों को लाइब्रेरी में किताबों को पढ़ने से ही संतुष्टि मिलती है। यहां हम आपको ऐसी लाइब्रेरियों के बारे में बता रहे हैं, जिनमें 10 करोड़ से ज्यादा किताबें हैं।



**नैशनल लाइब्रेरी ऑफ चाइना, बीजिंग**

बीजिंग में मौजूद इस लाइब्रेरी में करीब 26.3 करोड़ किताबों का कलेक्शन है। इस लाइब्रेरी में दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण और समृद्ध चीनी लेख और प्राचीन दस्तावेजों का संकलन मिल जाएगा। इस लाइब्रेरी की स्थापना 1909 में हुई और इसके तीन साल बाद इसके दरवाजे आम लोगों के लिए खोले गए। लाइब्रेरी में आने वाले किताब प्रेमियों को यकीनन ये भरपूर आनंद देगी।

**लाइब्रेरी ऑफ द रशियन अकैडमी ऑफ साइंस, सेंट पीटर्सबर्ग**

इस लाइब्रेरी की स्थापना रूसी संघीय कमिशन द्वारा देश की किताबों और अनुसंधानों का संग्रह करने के उद्देश्य से की गई थी। लाइब्रेरी में रूसी लेखकों, वैज्ञानिकों और अन्य महत्वपूर्ण लोगों द्वारा लिखे गए लेख मौजूद हैं। इस लाइब्रेरी में 20 करोड़ किताबों का कलेक्शन है। हालांकि, एक हादसे में बड़ी संख्या में किताबों के जलने के कारण इस संख्या को लेकर कुछ संदेह भी हैं, क्योंकि हादसे में कितनी किताबों को नुकसान पहुंचा था, इस बात के सही प्रमाण मौजूद नहीं हैं।

**नैशनल लाइब्रेरी ऑफ कनाडा, ओटावा**

19 करोड़ किताबों के कलेक्शन के साथ नैशनल लाइब्रेरी ऑफ कनाडा भी दुनिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरियों की रेस में मुकाबला कर रही है। इसकी स्थापना 1953 में हुई थी। कनाडा की धरोहरों को दस्तावेजों, तस्वीरों और लिखित रूप में संग्रहित करने के मकसद से इस लाइब्रेरी की स्थापना की गई थी। इस लाइब्रेरी में उत्तरी अमेरिका की सबसे प्राचीन किताब भी मिल जाएंगी।

# भारत को हराकर बांग्लादेश पहली बार बना चैंपियन

**पोचेस्ट्रूम।** गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद अकबर अली की कप्तानी पारी से बांग्लादेश ने वर्षा से प्रभावित कम स्कोर वाले आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप फाइनल में गत चैंपियन भारत को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत तीन विकेट से हराकर पहली बार खिताब जीता।

भारत के 178 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने जब 41 ओवर में सात विकेट पर 163 रन बना लिए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। मैच दोबारा शुरू होने पर बांग्लादेश को 46 ओवर में 170 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 42.1 ओवर में सात विकेट पर 170 रन बनाकर हासिल कर लिया। अकबर ने 77 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 43 रन की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन ने पैर में जकड़न से परेशान होने के बावजूद 47 रन बनाए।



भारत को कम स्कोर वाले मैच में दिशाहीन गेंदबाजी का खामियाजा भी भुगतना पड़ा। टीम ने 33 अतिरिक्त रन दिए जिसने बड़ा अंतर पैदा किया। चार बार चैंपियन भारत की ओर से लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 30 रन देकर चार विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। सुशांत मिश्रा ने भी 25 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत सलामी बल्लेबाज जायसवाल (121 गेंद में 88 रन, आठ चौके, एक छक्का) के अर्धशतक के बावजूद 47.2 ओवर में 177 रन पर सिमट गया। जायसवाल ने तिलक वर्मा (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 और ध्रुव जुरेल (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की लेकिन इन तीनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाया। भारत ने अंतिम सात विकेट सिर्फ 21 रन जोड़कर गंवाए। बांग्लादेश की ओर से अविषेक दास ने 40 रन देकर तीन जबकि शरीफुल इस्लाम (31 रन देकर दो विकेट) और तनजीम हसन साकिब (28 रन पर दो विकेट) ने दो-दो चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश को परवेज और तनजीद हसन (17) ने 8.5 ओवर में 50 रन जोड़कर शानदार शुरूआत दिलाई। इन दोनों ने कार्तिक त्यागी और मिश्रा की तेज गेंदबाजी जोड़ी की दिशाहीन गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाया। भारत कप्तान प्रियम गर्ग ने नौवें ओवर में गेंद रवि बिश्नोई को थमाई जिनका स्वागत तनजीद ने छक्के के साथ किया। इस लेग स्पिनर ने हालांकि इसी ओवर में तनजीद को कार्तिक के हाथों कैच कराके भारत को पहली सफलता दिलाई।

## मैच के बाद खिलाड़ियों में लड़ाई, प्रियम गर्ग ने कहा, 'डर्टी'

**नई दिल्ली।** रविवार को पोटचेफस्ट्रूम में बांग्लादेश की अंडर 19 क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर अपने देश के लिए सुनहरा इतिहास रच दिया। साउथ अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में यहां बांग्लादेश ने भारत को 3 विकेट से हराकर पहली बार इस खिताब पर अपना कब्जा जमाया। लेकिन उसके खिलाड़ियों ने इस उसकी इस जीत पर अपने नकारात्मक व्यवहार से अपने देश की छवि पर पलीता लगा दिया है। अपने खिलाड़ियों के गैर-जरूरी आक्रामक और नकारात्मक व्यवहार के लिए बांग्लादेश की इस युवा टीम के कप्तान अकबर अली को भी माफी मांगनी पड़ी है। भारतीय टीम के कप्तान प्रियम गर्ग ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों की इस हरकत को 'डर्टी' करार दिया है।

इस खिताब को जीतने वाली बांग्लादेश की टीम ने पहली बार क्रिकेट में कोई चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। यह उपलब्धि दर्ज करने के बाद बांग्लादेश की खिलाड़ियों ने जोश में अपने होश ही खो दिए और वह मैच खत्म होने के तुरंत बाद भारतीय टीम के खिलाड़ियों से मैदान पर ही भिड़ पड़े।

# अंतिम वनडे के लिए सोढ़ी और टिकनर कीवी टीम में शामिल

**माउंट माउंगानुई।** अपने खिलाड़ियों की चोट से परेशान न्यू जीलैंड ने भारत के साथ मंगलवार को यहां बे ओवल मैदान पर होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच के लिए इश सोढ़ी और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। सोढ़ी और टिकनर क्राइस्टचर्च में इंडिया-ए के साथ जारी दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच में न्यू जीलैंड ए टीम का हिस्सा थे। कीवी टीम अपने खिलाड़ियों की चोट से परेशान है।




मिशेल सैंटनर, टिम साउदी पेट की समस्या से पीड़ित हैं, जबकि स्काट कुगेलेजिन को वायरल फीवर है। इन तीनों के तीसरे वनडे में खेलने को लेकर संदेह है। सैंटनर और कुगेलेजिन तो भारत के साथ ऑकलैंड में हुए दूसरे वनडे में भी नहीं खेल सके थे। साउदी हालांकि तबीयत पूरी तरह ठीक नहीं होने के बावजूद खेले थे और उन्होंने विराट कोहली का विकेट भी लिया था। इन सबके अलावा कीवी टीम के कप्तान केन विलियम्सन भी चोटिल हैं।

केन कंधे की चोट के कारण पांच मैचों की टी-20 सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों और शुरूआती दो वनडे मैचों में नहीं खेल सके थे। पांच मैचों की टी-20 सीरीज 0-5 से गंवाने के बाद कीवी टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। वनडे सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।

# लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम बनी बेंगलुरु रैप्टर्स

**नई दिल्ली।** विश्व नंबर दो ताई जू यिंग की अगुवाई में खेल रही बेंगलुरु रैप्टर्स ने रविवार को नॉर्थ ईस्टर्न वॉरियर्स को हराते हुए लगातार दूसरी बार प्रीमियर बैडमिंटन लीग का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु रैप्टर्स लगातार दो बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम बन गई है। लीग के पांचवें सीजन के फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रैप्टर्स ने 4-2 से जीत दर्ज की।

वर्ल्ड चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले प्रणीत और विश्व के नंबर दो खिलाड़ी ताइ जू ने मिक्स्ड डबल्स में नॉर्थ ईस्टर्न वॉरियर्स की चांग पेंग सून और इओम हे वोन को 4-2 से हराया। बी साई प्रणीत ने पुरुष एकल केमैच में हांगकांग के खिलाड़ी ली चेउक यिउ से पहला सेट गंवाने के बाद 14-15, 15-9, 15-3 से जीत दर्ज की।




ली योंग डाय और बोडिन इसारा की पुरुष युगल जोड़ी ने नार्थ ईस्टर्न वॉरियर्स के टृंप मुकाबले में रियांग अगनुंग सपुतारो और एड्रियन जार्ज की जोड़ी को 15-11, 13-15, 15-14 से हराया।

मैच का तीसरा मुकाबला महिला एकल का था जहां बेंगलुरु रैप्टर्स की ताइ जू यिंग नार्थ ईस्टर्न वॉरियर्स की मिशेल ली पर भारी पड़ी। ताइ जू यिंग ने इसे 15-9, 15-12 से अपने नाम कर स्कोर को 2-2 कर दिया।

# भारत को मिली पहली हार, विश्व चैंपियन बेल्जियम ने 3-2 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में विश्व चैंपियन बेल्जियम के हाथों संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत ने कलिंगा स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में दुनिया की नंबर एक टीम को 2-1 हराकर बड़ा उलटफेर किया था। इस हार के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग की तालिका में चार मैचों में आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। बेल्जियम छह मैचों में 14 लेकर शीर्ष पर है। पहली बार लीग में खेल रही भारतीय टीम की यह पहली हार है। बेल्जियम के लिए एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स




(2मिनट), डी कर्पेल (17वें मिनट) और मेक्सीमे प्लेनेवेएक्स (25वें मिनट) में एक-एक गोल किया। भारत की ओर से विवेक सागर (15वें मिनट) और अमित रोहिदास (18वें मिनट) ने गोल किए।

बेल्जियम ने मैच में अच्छी शुरुआत की और दूसरे मिनट में ही हेंड्रिक्स के गोल से 1-0 की बढ़त बना ली। विवेक सागर प्रसाद ने 15वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे क्वार्टर में के भी दूसरे ही मिनट में कर्पेल (17वें मिनट) गोल कर बेल्जियम को एक बार फिर 2-1 से आगे कर दिया। हालांकि उसकी यह बढ़त एक मिनट ही रही। अमित अगले ही मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। बेल्जियम 25वें मिनट में मेक्सीमे के शानदार गेल से 3-2 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ के 33वें मिनट में भारत को पेनाल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हरमनप्रीत इसे गोल में नहीं बदल पाए।

# टोक्यो ओलंपिक में 'आजाद कश्मीर' को उतारने की तैयारी में पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** कश्मीर के मसले पर पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है. अब इस मामले को वो खेल के मैदान में घसीटने की तैयारी में है. टोक्यो ओलिंपिक में पाकिस्तान 'आजाद कश्मीर' नाम का घोड़ा उतारेगा. दरअसल, पाकिस्तानी घुड़सवार उस्मान खान (38) ने अपने घोड़े का नाम आजाद कश्मीर रखा है. उस्मान टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले पाकिस्तान के पहले एथलीट हैं.

बताया जा रहा है कि भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी इस पर नजर बनाए हुए हैं. इस पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है या नहीं, इसको लेकर राय ली जा रही है. वहीं, उस्मान खान ने स्पष्ट किया है कि वो अपने घोड़े का नाम नहीं बदलेंगे. उन्होंने कहा कि ये उनके बहुत छोटी सी बात है. कश्मीर के ताजा हालातों से इसका कोई लेना-देना नहीं है. फिलहाल 38 साल के उस्मान खान ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं. उन्होंने घोड़े का नाम अप्रैल 2019 में रजिस्टर कराया था. फिलहाल उन्हें स्पॉन्सर की तलाश है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ट्रोल्स पर बोलीं इलियाना डीक्रूज



**बॉलिवुड** ऐक्ट्रेस इलियाना डीक्रूज बर्फी में अपने डेब्यू के बाद से ही चर्चा में हैं। वह बॉलिवुड की सबसे ग्लैमरस ऐक्ट्रेसस में से एक हैं। लोग उनके ग्लैमरस लुक के फैन हैं। हालांकि, इलियाना के लिए यह इतना आसान नहीं है। एक इंटरव्यू में इलियाना ने बताया कि बचपन में अपने शरीर के लिए उन्हें बुली किया गया। इलियाना ने ट्रोल्स और उनके असर पर बात की। उन्होंने बताया कि जब वह13 साल की थीं तब से बॉडी शेमिंग का शिकार हो रही थीं। इलियाना ने कहा कि वह 13-14 साल की थीं जब उन्हें बुली किया जाता था और वह बहुत संवेदनशील उम्र होती है। उस समय आपने लड़कों से बात करना बस शुरू किया होता है। इलियाना ने आगे बताया कि अब उन्हें ट्रोल्स फनी लगते हैं। जैसे किसी ने कहा कि मुझे उसके हाथ पसंद नहीं हैं, तो मैंने कहा मुझे भी नहीं हैं और इसमें कोई बुराई नहीं है।' इलियाना डीक्रूज ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अकसर चर्चा में रहती हैं। कुछ दिन पहले एक अनजान शख्श ने सोशल मीडिया पर उनसे पूछा था कि उन्होंने वर्जिनिटी कब खोई। इसपर भी उन्होंने तगड़ा जवाब दिया था।

## 'हाउसफुल 5' में फिर साथ आएंगे अक्षय दीपिका!

**साजिद** नाडियाडवाला की हाउसफुल फैन्स की फेवरिट फिल्म फ्रैंचाइज में से एक है। हाउसफुल के हर इंस्टॉलमेंट ने फैन्स को काफी गुदगुदाया है। हालिया रिलीज हाउसफुल 4 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है। अक्षय कुमार ने ट्विटर पर एक तस्वीर शेयर की थी जिसमें प्रड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के साथ हाउसफुल की पिछली फिल्मों के ऐक्टर्स भी नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अब साजिद नाडियाडवाला हाउसफुल 5 बनाने का प्लान कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म और भी बड़ी और भव्य होगी। फिल्म में पिछले सभी इंस्टालमेंट के स्टार्स होंगे। फैन्स के लिए भी यह काफी एक्साइटिंग होगा कि एक ही फिल्म में अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम, रितेश देशमुख, जैकलिन फर्नांडिस, अभिषेक बच्चन, कृति सेनन बॉबी देओल पूजा हेगड़े जैसे स्टार्स होंगे। अब तक के सभी इंस्टॉलमेंट में तीन कपल्स के बीच कन्फ्यूजन दिखाया गया है।



## सलमान खान के डांसिंग टैलंट पर बोले प्रभुदेवा



**प्रभुदेवा** को देश के सबसे बेहतरीन डांसरों में से एक माना जाता है। फिर जब बात स्टारडम की आती है तो सलमान की पॉप्युलैरिटी के आसपास कुछ ही लोग हैं। ऐसे में वे जब भी साथ में किसी प्रॉजेक्ट को लेकर आते हैं तो वह हिट हो जाता है। 'वॉन्टेड' और 'दबंग 3' के बाद दोनों अब 'राधे' में कर रहे हैं। ऐसे में जब हाल ही में प्रभुदेवा, जो कि एक कोरियॉग्रफर भी हैं, से पूछा गया कि वह सलमान के डांसिंग टैलंट को लेकर क्या सोचते हैं, इस पर उन्होंने कहा कि सलमान एफर्टलेस परफॉर्मर हैं। प्रभुदेवा ने सलमान से जुड़ा एक इंट्रेस्टिंग फैक्ट बताते हुए कहा, 'वह 16 से 18 रीटेक करते हैं जबकि उसकी जरूरत भी नहीं होती है। क्यों? दरअसल, सलमान पर्फेक्शन का खास ध्यान रखते हैं और अपने निर्देशकों को थोड़ा भी असंतुष्ट नहीं छोड़ना चाहते हैं। प्रभुदेवा ने आगे कहा, यह डायरेक्टर्स के ऊपर है कि वह कैसे सलमान को बेस्ट रूप में कैप्चर कर सकते हैं क्योंकि उनका यूनीक स्टाइल और ऐटिट्यूड है। डायरेक्टर्स और कोरियॉग्रफर्स को सलमान से चीजें नहीं करानी चाहिए। उन्हें सलमान को वह करने देना चाहिए जो वह सबसे अच्छा करते हैं।